# हमारी स्वास्थ्य एवं विकलांगता प्रणाली

## हैल्थ न्यूज़ीलैंड

जिला स्वास्थ्य बोर्डों (डीएचबी) ने कई वर्षों तक न्यूज़ीलैंड की अच्छी देखभाल की है, लेकिन समय के साथ यह प्रणाली बहुत जटिल और खंडित हो गई है। हैल्थ न्यूज़ीलैंड स्थानीय, जिला, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर दिए गए उपयुक्त कार्यों के साथ, पूरे न्यूज़ीलैंड में स्वास्थ्य प्रणाली को चलाने के लिए एक नया संगठन होगा।

### क्या बदल रहा है?

ये सुधार 20 मौजूदा डीएचबी को विस्थापित करेंगे और उनके कार्यों को Health NZ - में समाविष्ट कर दिया जायेगा जो कि पूरे देश में दैनिक व्यवस्था संचालन के नेतृत्व के लिए एक नई एकल इकाई है। यह राष्ट्रीय अनुबंधों का प्रबंधन जैसे स्वास्थ्य मंत्रालय के परिचालन कामों को भी अपने अधिकार में ले लेगी।

Health NZ अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाओं तथा प्राथमिक एवं सामुदायिक देखभाल सहित सभी स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन करेगा। अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाओं की राष्ट्रीय स्तर पर योजना बनाई जाएगी और इसे पूरे देश में लगातार वितरित किया जाएगा। प्राथमिक और सामुदायिक सेवाओं को चार क्षेत्रीय प्रभागों के माध्यम से कमीशन (चालू) किया जाएगा, जिनमें से जिला कार्यालयों (जनता के स्वास्थ्य और कल्याण नेटवर्क) की एक श्रृंखला के साथ नेटवर्क बनाया जायेगा जो समुदायों के स्वास्थ्य और भलाई में सुधार करने के लिए स्थानीय इलाकों की योजनाओं का विकास और कार्यान्वयन करेगा।

Health NZ पूरी स्वास्थ्य प्रणाली में सेवाओं और परिणामों में सुधार के लिए जिम्मेदार होगा। माओरी हैल्थ अथॉरिटी के साथ साझेदारी में काम करते हुए, एक न्यूज़ीलैंड स्वास्थ्य योजना का विकास किया जायेगा- एक ऐसा ब्लूप्रिंट (खाका) जिसे स्वास्थ्य प्रणाली आने वाले वर्षों में वितरित करेगी।

ट्रांज़िशन (परिवर्तन) की योजना बनाई जाएगी, क्रम तैयार किया जाएगा और सेवाओं में व्यवधान को कम किया जाएगा। डीएचबी के कर्मचारी मौजूदा नियमों और शर्तों के साथ हैल्थ न्यूज़ीलैंड में चले जायेंगे। नए ढांचे में स्थानांतरित होने की औपचारिक तारीख कानून पारित होने के बाद, इसके 1 जुलाई 2022 को पारित होने की संभावना है।

## क्यों?

आप कौन हैं या आप कहां रहते हैं, इसका आपको मिलने वाली सेवाओं की सीमा और गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। ये सुधार सभी लोगों को जब उन्हें इसकी जरूरत हो, उन्हें निरंतर अच्छे स्तर की देखभाल तक पहुंच प्रदान करने के बारे में हैं, जिससे लोगों को अच्छी सेहत में लंबे समय तक और जीवन को सबसे अच्छी तरह से जीने में मदद मिल सके।

डीएचबी की स्थापना 20 साल पहले समुदायों को निर्णय प्रक्रिया में राय देने का ज्यादा अधिकार देने के लिए की गई थी, लेकिन इन्होंने क्षेत्रों के बीच कुछ बनावटी बाधाएं और प्रतिकूल प्रोत्साहन भी पैदा कर दिए हैं। समय के साथ, इसने पूरे न्यूज़ीलैंड के लिए सर्वोत्तम उपायों के बजाय अलग-अलग जिलों पर ध्यान केंद्रित करके क्षेत्रों और जनसंख्याओं के बीच भिन्नता और असमानता पैदा कर दी है। इसने जटिलता और दोहराव को भी जन्म दिया है, जिसमें डीएचबी ने सरकारी खरीद, आईटी सिस्टम और संपत्ति प्रबंधन जैसे कामों को दोहराया है जिन्हें राष्ट्रीय या क्षेत्रीय रूप से अधिक कुशलता से किया जा सकता है।

एक छोटे से देश के लिए हमारी स्वास्थ्य प्रणाली बहुत जटिल हो गई है। इसका मतलब है कि ऐसे फैसले जो सभी को प्रभावित करते हैं, जैसे कि नए अस्पतालों या सेवाओं में निवेश जैसे फैसले राष्ट्रीय स्तर पर नहीं लिए जाते हैं। बहुत सा समय जिलों और व्यवसायों के बीच सीमाओं को लागू करने में लगाया जाता है, और इस बात पर पर्याप्त जोर नहीं दिया जाता कि हम पचास लाख न्यूज़ीलैंड वासियों के लाभ के लिए सामूहिक रूप से कैसे काम कर सकते हैं।

हालांकि हमारी प्रणाली में बहुत से उत्तम उदाहरण है, लेकिन इतने सारे संगठनों में नवाचार को खोजना और फैलाना कठिन है, जिसका अर्थ है कि सुधार करने के अवसर चूक जाते हैं। हालांकि डीएचबी का उद्देश्य देखभाल को लोगों के करीब लाना था, परन्तु असलियत में अभी भी कई प्रमुख निर्णयों में समुदायों और उपभोक्ताओं की बहुत कम भागीदारी या राय ली जाती है।

## भविष्य में यह कैसा दिखाई देगा?

डीएचबी में स्वास्थ्य सेवाओं में काम करने वालों के लिए, छोटी अवधि में बहुत ज्यादा बदलाव नहीं होगा। Health NZ के क्षेत्रीय प्रभाग और जिला कार्यालय स्वास्थ्य प्रणाली में सेवाओं की निरंतरता को सुनिश्चित करेंगे। जैसे-जैसे Health NZ अपनी नई भूमिका और कार्यों को स्थापित करेगा, सेवाओं की योजना बनाने और चालू करने में बदलाव किया जाएगा, जिसमें संगतता और गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, और राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा।

प्राथमिक और सामुदायिक देखभाल, समुदायों की आवश्यकताओं के अनुरूप बेहतर होंगी, और उपभोक्ताओं को सेवाओं और उन्हें वितरित करने के तरीकों के बारे में अपनी राय देने के अधिक अवसर मिलेंगे। समय के साथ-साथ, यह ज्यादा नई सेवाओं को जन्म देगा जो अधिक सुलभ डिजिटल और वर्चुअल (आभासी) देखभाल समेत सामुदायिक प्राथमिकताओं और जरूरतों को बेहतर ढंग से दर्शायेगा।

अस्पताल और विशेषज्ञ सेवाएं, पूरे न्यूज़ीलैंड में अधिक निष्पक्ष पहुंच के साथ, कहीं अधिक निरंतर होंगी। लोग चाहे जहां कहीं भी रहते हों, उन्हें सही समय पर वहीं उचित देखभाल उपलब्ध होगी। प्राथमिक और सामुदायिक देखभाल की तरफ जोर देने से अधिक लोगों को घर के करीब देखभाल के अवसर मिलेंगे और अपनी देखभाल में अधिक भूमिका निभाएंगे। मरीज और कर्मचारी, ज़रूरत के अनुसार देखभाल और काम प्राप्त करने के लिए क्षेत्रों के बीच स्थानांतरण में सक्षम होंगे ।

## इसके बाद क्या होगा?

आने वाले महीनों में विस्तृत डिजाइन कार्य में स्वास्थ्य क्षेत्र और उपभोक्ताओं, फानाऊ और समुदायों के साथ अधिक सहभागिता शामिल की जाएगी। औपचारिक संगठन की स्थापना के लिए कानून पारित होने से पहले 2021 के अंत में एक अंतरिम Health NZ संगठन स्थापित किया जाएगा।

## अधिक जानना चाहते हैं?

स्वास्थ्य सुधारों के कार्य और प्रगति के बारे में अधिक जानकारी DPMC (डीपीएमसी) की वेबसाईट पर ट्रांज़िशन यूनिट  के कार्य के अंतर्गत www.dpmc.govt.nz/our-business-units/transition-unit
पर उपलब्ध है।